Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 1121 / M-7 / 167 दिनांक : 10-06-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– सोनारी गांव में बिजली पानी का गहराया संकटः एक माह में दो बार फुंका ट्रांस्फार्मर, जल जीवन मिशन की टंकी भी बनी शोपीस के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण में प्रकाशित शीर्षक **"सोनारी गांव में बिजली पानी का गहराया संकटः एक माह में दो बार फुंका ट्रांस्फार्मर, जल जीवन मिशन की टंकी भी बनी शोपीस"** की कतरन इस खण्ड में प्राप्त हुई है। उक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि सन्दर्भित पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–2) कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मे0 गायत्री–रैमकी (जे0वी0) द्वारा योजना के निर्माण कार्य कराएं जा रहे है। वर्तमान में योजना पर पम्प हाउस 90 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 90 प्रतिशत तथा गृह संयोजन 80 प्रतिशत पूर्ण है। योजना पर सोलर अधिष्ठापन अपूर्ण है। लगभग 20 दिवस के अन्दर योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराकर सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता